दैनिक भास्कर
बुरहानपुर 11-11-2023

# नि:शुल्क आयुर्वेदिक शिविर में 100 मरीजों की जांच कर दी औषधियां

## नेपा लिमिटेड में मनाया 8वां आयुर्वेद दिवस

भास्कर संवाददाता | नेपानगर

आजादी के अमृतकाल के तहत केंद्रीय भारी उद्योग मंत्रालय के उपक्रम नेपा लिमिटेड में शुक्रवार को 8वां आयुर्वेद दिवस मनाया गया। इस उपलक्ष्य में नेपा लिमिटेड चिकित्सालय में आयुर्वेदिक औषधालय व हेल्थ एंड वेलनेस सेंटर, पलासूर जिला बुरहानपुर द्वारा एक निःशुल्क आयुर्वेदिक स्वास्थ्य परीक्षण, प्रशिक्षण शिविर आयोजित किया गया। इस शिविर का नेपा लिमिटेड सीएमडी कमोडोर सौरभ देब द्वारा विशिष्ठ अतिथि मुख्य महाप्रबंधक तकनीकी राम अलागेसन और महाप्रबंधक संचालन अजय गोयल के साथ दीप प्रज्ज्वलित कर शुभारंभ किया गया। कार्यक्रम में उप मुख्य चिकित्सा अधिकारी डॉ. अनिल कुमार झंझडीवाल द्वारा आमंत्रित अतिथियों का स्वागत किया गया। शिविर को संबोधित करते हुए मुख्य अतिथि सीएमडी कमोडोर सौरभ देब द्वारा आयुर्वेद को आज के युग में वरदान बताते हुए कहा कि यह चिकित्सा प्रकृति के निकट है। आयुर्वेद चिकित्सा पद्धति काफी प्रभावी है। इसके जरिए कई इलाज आसानी से संभव है।



शिविर में उपचार करते हुए डॉक्टर्स।

आयुर्वेदाचार्य डॉ. शांतिलाल भीलावेकर द्वारा आयुर्वेद के प्रति जागरूकता के उद्देश्य से बताया कि आयुर्वेद भारतीय आयुर्विज्ञान है। आयुर्विज्ञान विज्ञान की वह शाखा है, जिसका संबंध मानव शरीर को निरोग रखने, रोग हो जाने से रोग मुक्त करने अथवा उसका शमन करने, आयु बढ़ाने से है। जन संपर्क अधिकारी संदीप ठाकरे ने जानकारी देते हुए बताया कि इस शिविर में करीब 100 मरीजों के विभिन्न रोगों पर निःशुल्क परीक्षण कर परामर्श और औषधियां वितरित की गई। शिविर में अशोकारिष्ट, अर्जुनारिष्ट, लोहासव, त्रयोदशांग गुग्गुल, द्राक्षासव, तालीसादी चूर्ण, लवण भास्कर चूर्ण, नारायण तेल सहित कई स्वास्थ्यप्रद आयुर्वेदिक औषधियों और रसायनों का निःशुल्क वितरण किया गया। कार्यक्रम में उप महाप्रबंधक कार्य सुरेंद्र मेहता, वरिष्ठ प्रबंधक कार्मिक एवं प्रशासन, ज्ञानेश्वर खैरनार प्रबंधक पावर हाउस, महेंद्र केसरी प्रबंधक उत्पादन, कुमार देशमुख, डॉ. श्रद्धा भट्ट, डॉ. वर्षा रोकड़े, डॉ. यशवंत पाटिल, डॉ. राजश्री मोरे सहित कई अधिकारी कर्मचारी मौजूद थे।

8वां आयुर्वेद दिवस : आयुर्वेद को बताया वरदान

# आयुर्वेदिक स्वास्थ्य परीक्षण शिविर में 100 मरीजों का किया उपचार, बांटी दवाई

पत्रिका पत्रिका न्यूज नेटवर्क
patrika.com

**नेपानगर.** आजादी के अमृतकाल के तहत नेपा लिमिटेड में शुक्रवार को 8वां आयुर्वेद दिवस मनाया गया। नेपा लिमिटेड चिकित्सालय में आयुर्वेदिक औषधालय व हेल्थ एंड वेलनेस सेंटर, पलासुर जिला बुरहानपुर द्वारा आयुर्वेदिक स्वास्थ्य परीक्षण, प्रशिक्षण शिविर आयोजित किया गया। शिविर का नेपा लिमिटेड सीएमडी कमोडोर सौरभ देब ने विशिष्ठ अतिथि मुख्य महाप्रबंधक तकनीकी राम अलागेसन और महाप्रबंधक संचालन अजय गोयल के साथ दीप प्रज्ज्वलित कर शुभारंभ किया गया। उप मुख्य चिकित्सा अधिकारी डॉ. अनिल कुमार झंझडीवाल, सीएमडी कमोडोर देब ने आयुर्वेद को वरदान बताते हुए कहा कि यह चिकित्सा प्रकृति के निकट है। आयुर्वेद चिकित्सा पद्धति काफी प्रभावी है।




## आयुर्वेद के प्रति बढ़ाई जागरुकता

आयुर्वेदाचार्य डॉ.शांतिलाल भिलावेकर ने बताया कि आयुर्विज्ञान विज्ञान की वह शाखा है जिसका संबंध मानव को निरोग रखने, रोग से मुक्त करने अथवा उसका शमन करने तथा आयु बढ़ाने से है। जन संपर्क अधिकारी संदीप ठाकरे ने बताया कि शिविर में करीब 100 मरीजों का परीक्षण कर परामर्श और औषधियां दी गई। अशोकारिष्ट, अर्जुनारिष्ट, लोहासव, त्रयोदशांग गुग्गुलू, द्राक्षासव, तालीसादी चूर्ण, लवण भास्कर चूर्ण, नारायण तेल सहित कई स्वास्थ्यप्रद आयुर्वेदिक औषधियों और रसायनों का नि:शुल्क वितरण किया गया। कार्यक्रम में उप महाप्रबंधक कार्य सुरेंद्र मेहता, वरिष्ठ प्रबंधक कार्मिक एवं प्रशासन, ज्ञानेश्वर खैरनार प्रबंधक पावर हाउस, महेंद्र केसरी प्रबंधक उत्पादन, कुमार देशमुख, डॉ. श्रद्धा भट्ट, डॉ. वर्षा रोकड़े, डॉ.यशवंत पाटिल, डॉ. राजश्री मोरे उपस्थित थे।